Need to increase general and sleeper class coaches in trains.-laid

श्री संजय दिना पाटिल **(मुंबई उत्तर-पूर्व) :** मैंने पिछले सत्र में 17 दिसंबर को नियम 377 के तहत रेलवे के जनरल और स्लीपर कोच की समस्या को लेकर मुद्दा उठाया था । इसके बाद मुझे रेलवे राज्य मंत्री जी का पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें उन्होंने बताया कि 10,000 नॉन-एसी, यानी जनरल और स्लीपर कोच बढ़ाए जा रहे हैं । इसका मतलब यह है कि वास्तव में एसी कोच की संख्या अधिक है और जनरल तथा स्लीपर कोच की संख्या कम है । इसकी वजह से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए, मेरी सरकार से विनती है कि प्रत्येक ट्रेन में जनरल और स्लीपर कोच की कुल संख्या रेलवे द्वारा स्पष्ट की जाए । साथ ही, आम नागरिकों की सुविधा के लिए जनरल और स्लीपर कोच की संख्या बढ़ाई जाए ।